## *दिन 1: मसीहियों के शत्रु उन्हें हरा सकते हैं, परन्तु उन पर विजयी होकर नहीं बल्कि उनके साथ समझौता करके*

एडमंड बर्क, अंग्रेजी के एक प्रसिद्ध दर्शनशास्त्री ने कहा, "बुराई की एकमात्र विजय यही है कि भले लोग कुछ भी न करें।" उसी प्रकार, पौलुस विश्वासियों को प्रोत्साहित करता है कि "हम मसीह के द्वारा, जिसने हमसे प्रेम किया है, जयवंत से भी बढ़कर हैं।" दोनों ही कथन इस बात पर जोर देते हैं कि परमेश्वर ने हम सभी को सक्षम बनाया है कि हम प्रभु यीशु मसीह के द्वारा इस जीवन में जयवंत के रूप में जीएं। प्रत्येक विश्वासी में जीवित परमेश्वर का आत्मा वास करता है, जो हमारे मार्ग के प्रत्येक कदम पर हमें परामर्श देने के लिए बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है। हमें सबसे बड़ा खतरा शैतान के आक्रमणों से नहीं बल्कि उन वरदानों और संसाधनों के प्रति हमारी अज्ञानता से है, जो पिता परमेश्वर ने हमारे लिए बहुतायत के साथ उपलब्ध किए हुए हैं।

आज, पौलुस द्वारा तीमुथियुस को दिया गया परामर्श लें और अपने जीवन में तरोताज़ा वरदान को प्रज्वलित करें, उसकी इच्छा की पूर्ति के लिए अपने आप को उभारें। अपने प्राण और आत्मा को परमेश्वर के उन अद्भुत वरदानों के लिए जागृत करें जो उसने अपने आत्मा और अपने वचन के माध्यम से आपको दिए हैं। परमेश्वर के पास आपके जीवन के लिए एक महान योजना है। उसकी पूर्ति के लिए उसके साथ कार्य करें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मैं उस प्रत्येक वस्तु के प्रबन्ध के लिए आपका धन्यवाद करता हूँ, जो इस संसार में मसीह के द्वारा जयवंत होने के लिए मुझे चाहिए। आज मैं आपको प्रसन्न करने और आपका आज्ञापालन करने का चयन करता हूँ, और शत्रु को मुझे हराने का कोई अवसर नहीं दूंगा। मेरी सहायता करें कि आज मैं अपने प्रत्येक कार्य और शब्द में आपका आदर करूँ।

*आज के लिए वचन*

2 कुरिन्थियों 2:14 परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो, जो मसीह में सदा हम को जय के उत्सव में लिये फिरता है....

1 कुरिन्थियों 15:57 परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो, जो हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा हमें जयवन्त करता है।

2 कुरिन्थियों 2:11 ...कि शैतान का हम पर दांव न चले, क्योंकि हम उस की युक्तियों से अनजान नहीं।

## *दिन 2: हमारा भविष्य उस पर निर्भर है जो आज हम कर रहे हैं*

बचपन से ही, साधारण गणित ने हमें सिखाया है कि 1+1=2 और 2+2=4 होते हैं। बचपन में, हमने इस तथ्य को बड़ी आसानी से स्वीकार कर लिया और अपने शैक्षणिक ज्ञान में उसे शामिल कर लिया। बाइबल हमें सिखाती है कि हम में से प्रत्येक जन आज जो कुछ भी है, उन निर्णयों के परिणाम स्वरूप हैं जो हमने अपने जीवन में आज तक लिए हैं। जो कुछ हमने सिखाया है, जो शब्द हमने बोले हैं और जो चयन हमने किए हैं, उन सभी के परिणामस्वरूप आज हम ऐसे हैं। क्योंकि हम वापिस जाकर तो अपने निर्णयों को बदल नहीं सकते, इसलिए अवश्य है कि हम आगे बढ़ें, और अपने जीवन में ऐसे ऐसे नए चयन जोड़ें जो हम पर चिरस्थाई प्रभाव डालें।

edit copy

यदि आज आप अपने जीवन के कुल जोड़ अर्थात् परिणाम से उतने प्रसन्न नहीं हैं जितना आप होना चाहते हैं तो जो आप अपने में जमा कर रहे हैं उसमें परिवर्तन लाने के बारे में सोचें। इब्रानी की पत्री का लेखक यह कहते हुए हमें चुनौती देता है कि, "यदि आज तुम उसकी आवाज़ सुनो, तो अपने हृदयों को कठोर न करो।" परमेश्वर आज आपको परामर्श देगा कि आपको क्या चयन करना चाहिए, यह मार्गदर्शन करते हुए कि किसे स्वीकृति देनी है और किसे नहीं। वह आपको उस मार्ग पर ले जाएगा जिस पर आपको चलना चाहिए। जब परमेश्वर अपने सर्वोत्तम में आपको ले चलता है तो अपने जीवन के बारे में उसकी अगुवाई को सुनें। प्रत्येक दिन नए प्रारम्भों के अवसर लाता है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, आज मैं जो कुछ करता, कहता और सोचता हूँ, उसमें आपका अनुसरण और आदर करने का चयन करता हूँ। सही चयन करने में मेरी सहायता करें। मैं जानता हूँ कि मेरा भविष्य आप पर निर्भर है।

*आज के लिए वचन*

व्यवस्थाविवरण 30:19 मैं आज आकाश और पृथ्वी दोनों को तुम्हारे साम्हने इस बात की साक्षी बनाता हूं, कि मैं ने जीवन और मरण, आशीष और शाप को तुम्हारे आगे रखा है; इसलिये तू जीवन ही को अपना ले, कि तू और तेरा वंश दोनों जीवित रहें;

भजन 32:8 मैं तुझे बुद्धि दूंगा, और जिस मार्ग में तुझे चलना होगा उस में तेरी अगुवाई करूंगा; मैं तुझ पर कृपादृष्टि रखूंगा और सम्मत्ति दिया करूंगा।

## *दिन 3: परिपक्वता यह समझना है कि हमें हमेशा सबकुछ नहीं मिल सकता, परिस्थितियां हमें प्रभावित कर सकती हैं*

उदाहरण के लिए एक शिशु को लें। वे सोचते हैं कि उन्हें हमेशा सबकुछ मिलना चाहिए। जब उन्हें भूख लगती है, नींद आती है, पीड़ा होती है या उनके कपड़े गीले हो जाते हैं, तो वे रोते हैं और वे दूसरों की कोई परवाह नहीं करते या उनके प्रति जिम्मेदारी को नहीं समझते। वे केवल अपनी व्यक्तिगत संतुष्टि और तुरन्त आराम चाहते हैं। बहुत सारे मसीहियों के साथ भी ऐसा ही होता है।

जब हम परिपक्वता की ओर बढ़ते हैं, तो हमें जीवन और इसकी अनेक परिस्थितियों को एक भिन्न दृष्टिकोण से देखना आरम्भ करना चाहिए। पौलुस और सीलास को सुसमाचार का प्रचार करने के कारण बन्दीगृह में डाल दिया गया था। यह बहुत भयावह, अंधेरा, गीला, बदबूदार और उदासी भरा था। उस समय हार मान लेना आसान था। निश्चित तौर पर, बन्दीगृह ने पौलुस को प्रभावित किया, परन्तु वह जान गया कि उसे हमेशा सबकुछ नहीं मिल सकता। उन्होंने अपनी कठिनाई में परमेश्वर की स्तुति करने का निर्णय लिया। परमेश्वर ने प्रतिउत्तर दिया और पृथ्वी को हिला दिया, द्वार खोल दिए और बहुतों ने विश्वास किया और उद्धार पाया, जिनमें सूबेदार और उसका पूरा परिवार भी शामिल था। जब हमें हमेशा सबकुछ नहीं मिलता तो परिस्थितियां हमें प्रभावित करती हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*

edit copy

हे पिता, मुझे जीवन का सामना करने के लिए एक परिपक्व दर्शन दें। मुझे अपने जीवन में दूरदर्शी बनने में सहायता करें। मैं जानता हूँ कि जो आपकी सेवा करते हैं वे सताए जाएंगे और चाहे वे मुझे प्रभावित ही क्यों न करें, मैं ऐसा नहीं सोचूंगा कि मुझे हमेशा सबकुछ अवश्य मिलेगा। मैं निस्वार्थ बनने का समर्पण करता हूँ। मेरी नहीं बल्कि आपकी इच्छा पूरी हो।

*आज के लिए वचन*

प्रेरित 16:25, 26 आधी रात के लगभग पौलुस और सीलास प्रार्थना करते हुए परमेश्वर के भजन गा रहे थे, और बन्धुए उन की सुन रहे थे कि इतने में एकाएक बड़ा भुईडोल हुआ, यहां तक कि बन्दीगृह की नेव हिल गई, और तुरन्त सब द्वार खुल गए; और सब के बन्धन खुल पड़े।

2 कुरिन्थियों 8:9 तुम हमारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह जानते हो, कि वह धनी होकर भी तुम्हारे लिये कंगाल बन गया ताकि उसके कंगाल हो जाने से तुम धनी हो जाओ।

## *दिन 4: हमारे जीवन का व्यवहार या तो हमारे अतीत के अनुभवों द्वारा ढाला जाता है या भविष्य की अपेक्षाओं के द्वारा*

आप अपने जीवन के बारे में जो सोचते हैं वह क्यों सोचते हैं? आप अपने परिवार के बारे में जो महसूस करते हैं वह क्यों महसूस करते हैं? आज आप जो चाहते हैं वह क्यों चाहते हैं? क्या आप अपने दिन के बारे में खुश, दुखी, उत्साहित, डरे हुए, भावनारहित, या जुनूनी हैं? क्या आप क्रोधित, चिंतित, तनावग्रस्त, परेशान, निराश, या असंयमी हैं? क्या आपके चेहरे पर मुस्कान, कदमों में चुस्ती, हृदय में आनन्द, और घर में शांति है? आप क्या अपेक्षा कर रहे हैं कि आप का आज का दिन कैसा हो?

हम सभी प्रत्येक दिन का स्वागत खुशी और उस दिन के लिए अपेक्षा के साथ करते हैं। हमारे जीवन के व्यवहार हमारे अतीत के अनुभवों या भविष्य की अपेक्षाओं पर आधारित होते हैं। अपने आप को जांचें और अपने व्यवहार के बारे में प्रश्न पूछें। इसका आरम्भ कहां से हुआ और क्या यह ऐसा व्यवहार है जिससे परमेश्वर प्रसन्न होता है? यदि नहीं, तो आज ही बदलें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रभु, मुझे समय और प्रोत्साहन देने के लिए धन्यवाद ताकि मैं अपने व्यवहार को जांच सकूँ और उन बातों को बदल सकूँ जो आपको अप्रसन्न करती हैं और मुझे अपने दिन के लिए आपके आनन्द, आपकी शांति और आपकी आशा का अनुभव करने से रोकती हैं। मुझे और अधिक अपने जैसा बना लें।

*आज के लिए वचन*

फिलिप्पियों 4:8 निदान, हे भाइयों, जो जो बातें सत्य हैं, और जो जो बातें आदरनीय हैं, और जो जो बातें उचित हैं, और जो जो बातें पवित्र हैं, और जो जो बातें सुहावनी हैं, और जो जो बातें मनभावनी हैं, निदान, जो जो सदगुण और प्रशंसा की बातें हैं, उन्हीं पर ध्यान लगाया करो।

गलातियों 5:22, 23 पर आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, मेल, धीरज, और कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम हैं; ऐसे ऐसे कामों के विरोध में कोई व्यवस्था नहीं।

## *दिन 5: शिष्यता की तीन परखें: आज्ञापालन, अधीनता, वफादारी*

edit copy

परमेश्वर अगुवे नहीं बनाता ... वह शिष्य बनाता है ... शिष्य अगुवे बनते हैं। हमारे लिए उन तीन परखों को समझना महत्त्वपूर्ण है जो शिष्य को अगुवाई करने के योग्य बनने तक की यात्रा में सामना करनी पड़ती हैं।

पहली, अवश्य है कि शिष्य आज्ञापालन करे। साधारणतः लोग उनका आज्ञापालन करते हैं जिनका वे आज्ञापालन करना *चाहते* हैं या उनका जो *जबरदस्ती* अपना आज्ञापालन करवाते हैं। दूसरी परख में अधीनता शामिल है। अधीनता मांग करती है कि हम अपना बल और सहायता उस समय अपने अगुवों के लिए समर्पित कर दें जब हमें आज्ञापालन करने की आवश्यकता न हो और जब हम स्वाभाविक तौर पर आज्ञापालन न करना चाहते हों। अंत में, अवश्य है कि शिष्य वफादार हो। वफादारी का अर्थ अपने अगुवे के निर्णय का समर्थन करना है और यह एक व्यक्ति के सिर पर चमकता मुकुट और उसके चरित्र का सबसे बड़ा प्रमाण है। वफादारी उस समय एक व्यक्ति की बातों और कामों से प्रकट होती है जिस समय अनुसरण करने के लिए अधीनता की आवश्यकता पड़ती है।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे पिता, एक अच्छा शिष्य बनने में मेरी सहायता करें। बीते समय में अपने अगुवों का आज्ञाउल्लंघन करने, उनके प्रति अधीनता की कमी के लिए जिनके साथ मैं असहमत हुआ, और अधीन होने के समय अपने व्यवहार और प्रतिउत्तर में वफादारी न दिखाने के लिए मुझे क्षमा कर दें। अपने जीवन में अपने अगुवों का अनुयायी और आशीष बनने में सहायता करने के लिए आपके अनुग्रह और सामर्थ के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

*आज के लिए वचन*
इब्रानी 13:7, 17 जो तुम्हारे अगुवे थे, और जिन्हों ने तुम्हें परमेश्वर का वचन सुनाया है, उन्हें स्मरण रखो; और ध्यान से उन के चाल–चलन का अन्त देखकर उन के विश्वास का अनुकरण करो। अपने अगुवों की मानो; और उनके अधीन रहो, क्योंकि वे उन की नाई तुम्हारे प्राणों के लिये जागते रहते, जिन्हें लेखा देना पड़ेगा, कि वे यह काम आनन्द से करें, न कि ठंडी सांस ले लेकर, क्योंकि इस दशा में तुम्हें कुछ लाभ नहीं।

कुलुस्सियों 3:22 हे सेवको, जो शरीर के अनुसार तुम्हारे स्वामी हैं, सब बातों में उन की आज्ञा का पालन करो, मनुष्यों को प्रसन्न करनेवालों की नाईं दिखाने के लिये नहीं, परन्तु मन की सीधाई और परमेश्वर के भय से।

## *दिन 6: आगे बढ़ने के लिए साहस की आवश्यकता होती है*
बाइबल ऐसे अनेक पुरूषों और महिलाओं का वर्णन हुआ है जिन्होंने अपने जीवन में कठिन और यहां तक कि शर्मनाक परिस्थितियों का सामना किया। दाऊद से लेकर, जिसके अपने लोग उस पर पथराव करना चाहते थे, एस्तेर तक जो मृत्युदण्ड के समीप पहुंच चुकी थी, प्रत्येक परिस्थिति में लोगों के पास पूरे कारण थे कि वे अपने जीवन में आगे बढ़ना छोड़ दें। तथापि, अवश्य है कि बाइबल के नायकों को, यहां तक कि आज विश्वास के नायकों को अपने डरों और असफलताओं के बावजूद अपने जीवन की यात्रा को जारी रखना चाहिए।

edit copy

दुखित, शर्मनाक या हारी हुई परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ते रहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है। परन्तु फिर भी, इन सब परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ते रहने के लिए हमें बल प्राप्त करना आवश्यक है। साहस करो, मेरे मित्र, आपके महान दिन अभी आने पर हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे परमेश्वर, आज आगे बढ़ने के लिए मुझे साहस की आवश्यकता है। मेरे जीवन की इस घड़ी से आगे देखने में मेरी और मेरे हृदय और भावनाओं का चंगा करने के लिए आपको अवसर देने में मेरी सहायता करें। साथ ही, दूसरों को आपकी विश्वासयोग्यता और प्रेम के गवाह बनने में उनकी सहायता करने के लिए मुझे इस्तेमाल करें।

*आज के लिए वचन*
भजन 27:13 यदि मुझे विश्वास न होता कि जीवितों की पृथ्वी पर यहोवा की भलाई को देखूंगा, तो मैं मूर्च्छित हो जाता।

यहोशू 1:9 क्या मैं ने तुझे आज्ञा नहीं दी? हियाव बान्धकर दृढ़ हो जा; भय न खा, और तेरा मन कच्चा न हो; क्योंकि जहां जहां तू जाएगा वहां वहां तेरा परमेश्वर यहोवा तेरे संग रहेगा।।

## *दिन 7: यह महत्त्वपूर्ण नहीं है कि आप किन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, बल्कि यह कि आप उनका सामना कैसे कर रहे हैं*

यदि मसीहियों को किसी वस्तु की आवश्यकता है तो वह इस बात का ताज़ा प्रकाशन है कि हमारे कार्य और प्रतिउत्तर हमारे शब्दों से अधिक ऊँचा प्रचार करते हैं। हमारे चारों ओर का संसार परमेश्वर की सामर्थ देखने के लिए तरस रहा है। जब हम अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उन्हें हमारे चेहरे पर विश्वास, साहस, बल, और प्रेम दिखना चाहिए। याद रखें कि जब हमारा ध्यान हमारी वर्तमान समस्याओं पर होता है, उस समय सब का ध्यान हम पर होता है। इसीलिए यह भी एक कारण है कि यह महत्त्वपूर्ण नहीं है कि हम किन परिस्थितियों का सामना कर रहे हें बल्कि यह कि हम उनका सामना कैसे कर रहे हैं।

कोई और भी हमारे प्रतिउत्तर को देख रहा है और वह है, स्वयं परमेश्वर। वह चाहता है कि हम उसके पुत्र के स्वरूप की समानता में आ जाएं, जिसने अपने सामने रखे हुए आनन्द के कारण क्रूस का भी सह लिया। क्या हमारा चरित्र, युद्ध की गर्मी के दौरान, मसीह को प्रतिबिम्बित करता है? क्या हम परमेश्वर की इच्छा और मार्गों के प्रति आज्ञाकारी रहते हैं या हम अपने सिद्धांतों के साथ समझौता कर लेते हैं? अपने साथ जो हो रहा है, उस पर ध्यान लगाने की बजाय इस बात पर ध्यान लगाएं कि परमेश्वर आपमें और आपके द्वारा क्या कर सकता है।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे विश्वासयोग्य पिता, मैं अपने चारों ओर के लोगों में मसीह को प्रतिबिम्बित करना चाहता हूँ। मुझे आज और प्रतिदिन यह याद रखने में सहायता करें कि महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करते हुए मैं जो कुछ भी करता हूँ उससे मेरा विश्वास प्रकट होता है।

*आज के लिए वचन*

editcopy

2 कुरिन्थियों 4:17–18 क्योंकि हमारा पल भर का हल्का सा क्लेश हमारे लिये बहुत ही महत्वपूर्ण और अनन्त महिमा उत्पन्न करता जाता है और हम तो देखी हुई वस्तुओं को नहीं परन्तु अनदेखी वस्तुओं को देखते रहते हैं, क्योंकि देखी हुई वस्तुएं थोड़े ही दिन की हैं, परन्तु अनदेखी वस्तुएं सदा बनी रहती हैं।

प्रेरित 16:25 आधी रात के लगभग पौलुस और सीलास प्रार्थना करते हुए परमेश्वर के भजन गा रहे थे, और बन्धुए उन की सुन रहे थे।

## *दिन 8: भरे हुए बर्तन अपने आशीषों के अंतिम समय में हैं*

परमेश्वर के वचन का एक प्रमुख सिद्धांत बोने और काटने का नियम है। काटने के लिए बोना जरूरी है। कहने का भाव यह है कि पुनरुत्पादन करने और प्रतिफल पाने के लिए अवश्य है कि हमारे पास जो कुछ है उसे हम दे दें। परमेश्वर ने हम में से प्रत्येक को हुनर दिए हैं, और वह अपेक्षा करता है कि हम उन्हें उसके राज्य के प्रसार और विस्तार के लिए सेंतमेंत दे देंगे। हम केवल इसीलिए भरे जाते हैं कि हम खाली हों और दोबारा भरे जाएं। यदि हम अपने आप को कभी खाली नहीं करते है तो शायद हम अपनी आशीषों के अंतिम समय में जी रहे हैं।

ऐसा भरा हुए बर्तन न बनें जो एक कोने में पड़ा रहे और उस पर धूल जमा होती रहे। बड़े ही क्रियात्मक रूप में अपने आप को इच्छित हृदयों और दुखी प्राणों पर उण्डेल दें। फिर दोबारा भरने के लिए परमेश्वर पर भरोसा रखें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं आज ऐसा बर्तन हूँ, जो आपने मुझ में डाला है उसे अपने आप में से उण्डेल देने के लिए तैयार हूँ। मैं भरोसा रखता हूँ कि जब मैं अपने आप को खाली कर दूंगा तो आप मुझे तरोताज़ा और बड़ा करेंगे ताकि मैं और अधिक अभिषेक प्राप्त कर सकूँ और फिर से खाली हो सकूँ। जो आप मुझे देंगे उसके प्रति मैं विश्वासयोग्य बना रहूँगा।

*आज के लिए वचन*

लूका 6:38 दिया करो, तो तुम्हें भी दिया जाएगाः लोग पूरा नाप दबा दबाकर और हिला हिलाकर और उभरता हुआ तुम्हारी गोद में डालेंगे, क्योंकि जिस नाप से तुम नापते हो, उसी से तुम्हारे लिये भी नापा जाएगा।।

2 राजा 4:3–4 उस ने कहा, तू बाहर जाकर अपनी सब पड़ोसिनों से खाली बरतन मांग ले आ, और थोड़े बरतन न लाना। फिर तू अपने बेटों समेत अपने घर में जा, और द्वार बन्द करकें उन सब बरतनों में तेल उंडेल देना, और जो भर जाए उन्हें अलग रखना।

## *दिन 9: इस धरती पर कोई चिरस्थाई भविष्य नहीं है*

सुलेमान की बुद्धि, बुद्धिमान और मूर्ख व्यक्ति में भिन्नता प्रकट करती है। वह कहता है कि बुद्धिमान अपने भविष्य को देखता है और अपने आप को तैयार करता है जबकि मूर्ख अपने अन्धेपन में उसी दिन का लाभ उठाने के लिए जीता है। सुलेमान कहता है कि भविष्य के लिए योजना न बनाने के कारण मूर्ख दण्ड पाएगा।

edit copy

इसका सबसे बड़ा उदाहरण अनन्तता है। आप अपनी अनन्तता कहां बिताएंगे और स्वर्ग में आपको कितना प्रतिफल मिलेगा? इन प्रश्नों पर मनन करने में कुछ समय बिताएं और स्वर्ग की तैयारी करें क्योंकि इस धरती कोई चिरस्थाई भविष्य नहीं है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, कृपया अनन्तता के लिए निवेश करने में मेरी सहायता करें। यह समझने में मेरी सहायता करें कि इस धरती पर कोई चिरस्थाई भविष्य नहीं है। मैं जानता है कि मैं वही काटूँगा जो मैं बोऊँगा, इसलिए मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं दयालूता, भलाई, शांति और आनन्द के बीज बोऊँगा। हे पिता, मैं आप पर भरोसा रखता हूँ और अपने अनन्त प्रतिफल की प्रतीक्षा करता हूँ।

*आज के लिए वचन*

मत्ती 6:19–20 अपने लिये पृथ्वी पर धन इकट्ठा न करो; जहां कीड़ा और काई बिगाड़ते हैं, और जहां चोर सेंध लगाते और चुराते हैं। परन्तु अपने लिये स्वर्ग में धन इकट्ठा करो, जहां न तो कीड़ा, और न काई बिगाड़ते हैं, और जहां चोर न सेंध लगाते और न चुराते हैं।

नीतिवचन 22:3 चतुर मनुष्य विपत्ति को आते देखकर छिप जाता है; परन्तु भोले लोग आगे बढ़कर दंड भोगते हैं।

### ***दिन 10: आप जो सोचते हैं वह आपके मन को बदल सकता है, आप जो प्रतीति करते हैं वह आपके हृदय को बदल सकता है, परन्तु आप जो करते हैं केवल वही आपके जीवन और संसार को बदल सकता है।***

मैने लोगों को ऐसा कहते सुना है कि लोग दो प्रकार के होते हैं: एक वे जो इतिहास पढ़ते हैं और दूसरे वे जो इतिहास बनाते हैं। यही भिन्नता है उन लोगों में जो बड़े बड़े काम करने के बारे में सोचते हैं, जो अपने आप को बड़ा और महान मानते हैं और वे जो बड़े बड़े काम करते हैं। दुखी मानवता के बारे में सोचने से शायद आप उनकी सहायता के लिए कुछ करना चाहें। यह प्रतीति करने से कि उस समस्या को हल करने के लिए आपमें बुद्धि या क्षमता है, शायद आपमें किसी योजना के लिए जुनून आ जाए। तथापि, जब तक कि आप उस समस्या के निवारण के लिए कुछ करें न : किसी भूखे को खाना खिलाना, किसी प्यासे को पानी पिलाना, निर्धनों को सुसमाचार प्रचार करना, रोगियों को चंगा करना, या किसी बन्धुए को आज़ाद करना, तब तक आपने उनकी सहायता के लिए वास्तव में कुछ नहीं किया है।

जुनून विकसित करें और योजना बनाएं, परन्तु वहीं पर समाप्त न कर दें। विश्वास से कदम उठाएं और उस काम को पूरी लगन से करें, जिसे केवल आपके हाथ ही कर सकते हैं।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, इस खोए हुए और दुखी संसार के लिए मुझे अपना जुनून दें, मुझे अपनी योजना दिखाएं और यह भी कि मैं उसमें कैसे शामिल हो सकता हूँ, और तब, हे प्रभु, मुझे अपने फसल के खेत में मजदूर के रूप में भेज। मैं आपके लिए काम करना चाहता हूँ।

*आज के लिए वचन*

याकूब 1:22–27 परन्तु वचन पर चलनेवाले बनो, और केवल सुननेवाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं। क्योंकि जो कोई वचन का सुननेवाला हो, और उस पर चलनेवाला न हो, तो वह उस मनुष्य के समान है

edit copy

जो अपना स्वाभाविक मुंह दर्पण में देखता है। इसलिये कि वह अपने आप को देखकर चला जाता, और तुरन्त भूल जाता है कि मैं कैसा था। पर जो व्यक्ति स्वतंत्रता की सिद्ध व्यवस्था पर ध्यान करता रहता है, वह अपने काम में इसलिये आशीष पाएगा कि सुनकर भूलता नहीं, पर वैसा ही काम करता है। यदि कोई अपने आप को भक्त समझे, और अपनी जीभ पर लगाम न दे, पर अपने हृदय को धोखा दे, तो उस की भक्ति व्यर्थ है। हमारे परमेश्वर और पिता के निकट शुद्ध और निर्मल भक्ति यह है, कि अनाथों ओर विधवाओं के क्लेश में उन की सुधि लें, और अपने आप को संसार से निष्कलंक रखें।।

## *दिन 11: जीवन का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है*

जीवन एक यात्रा है और किसी भी यात्रा के समान, जिस मार्ग पर हमें चलना है उसे बिना सोचे समझे नहीं चुन सकते। जबकि सभी मार्ग किसी न किसी पूर्वानुमानित स्थान पर ले जाते हैं, इसलिए समझदारी इसी में है कि हम अपने जीवन के मार्ग को जांचें ताकि हम अपनी मंजिल पर पहुंच कर हैरान न हो जाएं। जो व्यक्ति झूठ, धोखे, चोरी या लापरवाही के मार्ग पर चलता है, उसे तब हैरान नहीं होना चाहिए जब वह बिना मित्रों के अकेला, बिना नौकरी के बेरोजगार या जेल में अपने आप को पाता है ... क्योंकि वह मार्ग वहीं तो ले जाता है।

उसी विषय पर बात करते हुए कहा जा सकता है कि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के मार्ग को, जिस पर वह चल रहा है, किसी भी समय बदल सकता है और अपने जीवन को दूसरी दिशा में ले जा सकता है। आज परमेश्वर को आपके मार्ग को प्रज्वलित करने दें और अपनी मंजिल की ओर आत्मविश्वास के साथ बढ़ें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि चाहे मैं किसी भी मार्ग क्यों न चलूँ आप सदा मेरे साथ हैं। फिर भी, मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे मेरे मार्ग से हटा लें और मेरे जीवन के लिए अपने मार्ग पर ले चलें। मुझे अपनी इच्छा दर्शाएं।

*आज के लिए वचन*

भजन 119:105 तेरा वचन मेरे पांव के लिये दीपक, और मेरे मार्ग के लिये उजियाला है।

नीतिवचन 14:12 ऐसा मार्ग है, जो मनुष्य को ठीक देख पड़ता है, परन्तु उसके अन्त में मृत्यु ही मिलती है।

नीतिवचन 27:11 हे यहोवा, अपने मार्ग में मेरी अगुवाई कर, और मेरे द्रोहियों के कारण मुझ को चौरस रास्ते पर ले चल।

## *दिन 12: जीवन एक चयन है*

परामर्श और उपचार की संक्षिप्त–चयन विश्वास पर आधारित पद्यति में, सबसे पहला तत्व यह सुनिश्चित करना है कि हम अपने और अपने जीवन की परिस्थितियों के बारे में जो कुछ परमेश्वर के शत्रु कहते हैं उस पर नहीं बल्कि जो कुछ परमेश्वर का वचन कहता है उस पर प्रतीति करते हैं। चाहे हम क्रोध पर नियंत्रण, व्यवहार की आदतों या विद्रोही रवैये या कामों की बात करें, हम जो कुछ प्रतीति हैं, वह हमारी सोच, एहसास और चाहत को निर्धारित करेगा।

edit copy

तथापि, जीवन एक चयन है, और चाहे हम परमेश्वर के वचन के सत्यों की प्रतीति करते हैं, तौभी हमें उसके वचन के अनुसार सबकुछ करने का चयन करना है। उचित कार्यों के बिना विश्वास व्यर्थ है और परमेश्वर के वचन का आज्ञापालन करने के बिना उसकी प्रतीति करना निरर्थक है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, आपका वचन जानने, और तब आपके वचन के अनुसार सबकुछ करने का चयन करने में मेरी सहायता करें। आपकी आज्ञाएं न मानने का मैं कोई बहाना नहीं बनाऊँगा। आपकी क्षमा के लिए आपका धन्यवाद।

*आज के लिए वचन*

याकूब 2:18–20 बरन कोई कह सकता है कि तुझे विश्वास है, और मैं कर्म करता हूं: तू अपना विश्वास मुझे कर्म बिना तो दिखा; और मैं अपना विश्वास अपने कर्मों के द्वारा तुझे दिखाऊंगा। तुझे विश्वास है कि एक ही परमेश्वर हैः तू अच्छा करता हैः दुष्टात्मा भी विश्वास रखते, और थरथराते हैं। पर हे निकम्मे मनुष्य क्या तू यह भी नहीं जानता, कि कर्म बिना विश्वास व्यर्थ है?

### *दिन 13ः शायद आपके नए प्रारम्भ के मार्ग पर, थककर टूट जाने से पहले आपको विश्राम करने की आवश्यकता है*

कभी कभी सबसे अधिक ईश्वरीय कार्य जो आप कर सकते हैं, वह है विश्राम। कल्पना करें कि आप विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं और अपने जीवन की सबसे महत्त्वपूर्ण प्रतिस्पर्धा में प्रवेश करने वाले हैं। यह प्रतिस्पर्धा आपकी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और ध्यान का अंश अंश खींच लेगी। यदि आपको उचित विश्राम न मिले तो आप क्या सोचते हैं कि आप कैसा प्रदर्शन करेंगे?

विश्वस्तरीय भारोत्तोलक कहा करते थे, "आवश्वकता से अधिक प्रशिक्षण जैसा कुछ है ही नहीं; यह केवल नींद की कमी, अच्छी खुराक की कमी और इच्छा की कमी है।" आज बहुत मसीहियों को परमेश्वर के वचन की अच्छी खुराक मिलती है और उनमें परमेश्वर का कार्य करने की ज्वलंत इच्छा है, परन्तु इस जीवन ने उन्हें थका दिया है। परमेश्वर हमें उससे अधिक काम नहीं देगा जितना हम संभाल सकें। शायद हमें विश्राम को जीवन की एक प्राथमिकता बना कर अपनी गति को कम करने की आवश्यकता है। सफलता तब मिलती है जब अवसर का उचित तैयारी के साथ मिलाप होता है। अपने आप को तैयार करें, चाहे उसमें विश्राम ही क्यों न शामिल हो।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, कृपया विश्राम करने के लिए समय निकालने में मेरी सहायता करें। मैं जानता हूँ कि भविष्य में आपको मेरी आवश्यकता है और मैं तैयार रहना चाहता हूँ। मुझे ऐसी रणनीति बनाने में सहायता करें जिससे मैं आने वाले कई वर्षों तक इस दौड़ में दौड़ता रहूँ। मैं आपके राज्य, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए सबसे बड़ी भिन्नता लाना चाहता हूँ।

*आज के लिए वचन*

निर्गमन 23:12 छः दिन तक तो अपना काम काज करना, और सातवें दिन विश्राम करना; कि तेरे बैल और गदहे सुस्ताएं, और तेरी दासियों के बेटे और परदेशी भी अपना जी ठंडा कर सकें।

edit copy

मत्ती 11:28–29 हे सब परिश्रम करनेवालों और बोझ से दबे लोगों, मेरे पास आओ; मैं तुम्हें विश्राम दूंगा। मेरा जूआ अपने ऊपर उठा लो; और मुझ से सीखो; क्योंकि मैं नम्र और मन में दीन हूं: और तुम अपने मन में विश्राम पाओगे।

### *दिन 14: परमेश्वर गुमनामी में से महानता का निर्माण करता है*

बिल्कुल उस छोटे लड़के दाऊद के समान, जो मरुस्थल के पीछे अकेला भेड़ें चराया करता था और बाद में इस्राएल का राजा बन गया, आज भी परमेश्वर गुमनामी में लोगों को तैयार कर रहा है। ऐसा लगता है कि परमेश्वर लोगों को अचानक से लाभदायक हुनर देकर हैरान कर रहा है।

आज परमेश्वर उन लोगों को तैयार कर रहा है जिन्हें वह किसी दिन इस्तेमाल करेगा, शायद आप उसका अगला चयन हैं। अपने आप को उसकी तैयारी के अधीन कर दें, अपने साधारण दैनिक जीवन में महानता प्राप्त करें और छोटे आरम्भ के दिनों को तुच्छ न जानें। परमेश्वर अपना राज्य और अपने भावी राजाओं का निर्माण करने में व्यस्त है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं जानता हूँ कि आप मेरे बारे में बड़ी सावधानी से सोच रहे हैं और यह भी कि मैं आपके राज्य में अपनी सर्वोत्तम सेवा कैसे दे सकता हूँ। मुझे बुद्धि दें कि मैं परेशान न हो जाऊँ बल्कि शिक्षा प्राप्त करूँ और अपने जीवन के महान दिनों के लिए प्रेरणा प्राप्त करूँ।

*आज के लिए वचन*

यशायाह 49:2 उस ने मेरे मुंह को चोखी तलवार के समान बनाया और अपने हाथ की आड़ में मुझे छिपा रखा; उस ने मुझ को चमकीला तीर बनाकर अपने तर्कश में गुप्त रखा।

फिलिप्पियों 1:6 और मुझे इस बात का भरोसा है, कि जिस ने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा।

भजन 138:8 यहोवा मेरे लिये सब कुछ पूरा करेगा; हे यहोवा, तेरी करूणा सदा की है। तू अपने हाथों के कार्यों को त्याग न दे।।

### *दिन 15: यदि बुरी बातें अपने हाल पर छोड़ दी जाएं, तो वे सुधरती नहीं बल्कि और भी बद्तर हो जाती हैं*

उस गाड़ी के समान जिसे रिपेयर की आवश्यकता होती है या उस घर के समान जिसे सफाई की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार हमारे जीवन भी अपने आप बेहतर, साफ या अधिक उत्पादक नहीं बन पाएगें... इसके लिए परिश्रम करना पड़ता है। इसमें और अधिक सुविधाजनक समय तक के लिए विलम्ब करने से कोई लाभ नहीं होगा। ये समस्याएं अपने आप नहीं सुलझेंगी।

यदि बुरी बातें अपने हाल पर छोड़ दी जाएं, तो सुधरती नहीं बल्कि और भी बद्तर हो जाती हैं। इसलिए हमें उन बातों की ओर ध्यान देना चाहिए जिन्हें सुधारने के लिए परिश्रम की आवश्यकता होती है और उन्हें सुधारने के प्रयास करने चाहिएं। चाहे व्यवहार, कार्य, विचार, या एहसास हों, हमें अपने आप को जांचना चाहिए और आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए अपने आप को कार्यरत करना चाहिए। इस प्रक्रिया को आज ही आरम्भ करें।

edit copy

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, आपका वचन कहता है कि आज का दिन उद्धार का दिन है और वह ग्रहणयोग्य समय अब है। मुझे मेरे जीवन की वे बातें दिखाएं जिन्हें मेरे ध्यान आवश्यकता है और आज ही उनका समाधान करने के लिए मुझे अनुग्रह और बल दें। आपके हाथों में और अधिक लाभदायक बनने के लिए कदम दर कदम, दिन प्रतिदिन, मेरी अगुवाई करें।

*आज के लिए वचन*

1 कुरिन्थियों 9:24–27 क्या तुम नहीं जानते, कि दौड़ में तो दौड़ते सब ही हैं, परन्तु इनाम एक ही ले जाता है? तुम वैसे ही दौड़ो, कि जीतो। और हर एक पहलवान सब प्रकार का संयम करता है, वे तो एक मुरझानेवाले मुकुट को पाने के लिये यह सब करते हैं, परन्तु हम तो उस मुकुट के लिये करते हैं, जो मुरझाने का नहीं। इसलिये मैं तो इसी रीति से दौड़ता हूं, परन्तु बेठिकाने नहीं, मैं भी इसी रीति से मुक्कों से लड़ता हूं, परन्तु उस की नाईं नहीं जो हवा पीटता हुआ लड़ता है। परन्तु मैं अपनी देह को मारता कूटता, और वश में लाता हूं; ऐसा न हो कि औरों को प्रचार करके, मैं आप ही किसी रीति से निकम्मा ठहरूं।।

## *दिन 16: प्रेम कार्य है... और हमें अपने पहले से प्रेम को वापिस प्राप्त करने के लिए पहले से कार्य करने होंगे*

अक्सर ऐसा कहा जाता है कि “इसे प्राप्त करने के लिए आपने जो किया है, उसे अपने पास रखने के लिए भी वही करना होगा!” मैं इसे सत्य मानता हूँ। विवाह से लेकर व्यवसाय तक, इसे प्राप्त करने के आपने जो किया है उसे अपने पास रखने के लिए भी वही करना होगा।

प्रेम कार्य है... और हमें अपने पहले से प्रेम को वापिस प्राप्त करने के लिए पहले से कार्य करने होंगे। यह उस पर भी लागू होता है कि हम अपने उद्धार, अपनी कलीसिया, अपने परिवार और अपने परमेश्वर के बारे में क्या महसूस करते हैं। जब सबकुछ थोड़ा धुँधला दिखाई देता है या कोई कमी महसूस होती है – तो सबसे पहले अपने आप को देखें: क्या आप इन क्षेत्रों में पर्याप्त समय व्यतीत कर रहे हैं जैसा आप पहले किया करते थे? यदि नहीं, तो हैरानी की बात नहीं है कि कोई कमी है। बुनियादी बातों की ओर लौटें और अपने जीवन का आनन्द उठाना फिर से आरम्भ करें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रभु, मुझे अपने जीवन के वे क्षेत्र दिखाएं जिनमें मुझे और अधिक समय बिताने की आवश्यकता है। हे परमेश्वर, मुझे तरोताज़ा और जागृत करें। मेरे प्रेम को सदा उमड़ने वाला झरना बना दें जो मेरे प्राणों और उन सब के प्राणों को, जिनसे मैं मिलता हूँ, आनन्द और ताज़गी से भर दे। हे परमेश्वर, मुझे जागृत करें।

*आज के लिए वचन*

प्रेरित 3:19 इसलिये, मन फिराओ और लौट आओ कि तुम्हारे पाप मिटाए जाएं, जिस से प्रभु के सम्मुख से विश्रान्ति के दिन आएं।

यशायाह 57:15 क्योंकि जो महान और उत्तम और सदैव स्थिर रहता, और जिसका नाम पवित्र है, वह यों कहता है, मैं ऊंचे पर और पवित्र स्थान में निवास करता हूं, और उसके संग भी रहता हूं, जो खेदित और नम्र हैं, कि, नम्र लोगों के हृदय और खेदित लोगों के मन को हर्षित करूं।

editcopy

### *दिन 17: मसीहियत ऐसा विश्वास है जो कार्य/क्रिया की मांग करता है*

एक बार मुझे बताया गया कि "प्रतीति" का विपरीत "झुठलाना" है। झुठलाने का वास्तविक अर्थ है कि अपने दावे के अनुसार न जीना। मुझे बताया गया कि अंग्रेजी का "बिलीव" (believe) शब्द दो साधारण शब्दों, be और live से मिलकर बना है। इस प्रकार इस शब्द का बुनियादी अर्थ यह निकलता है कि विश्वासी (believer) वह व्यक्ति होता है जो बिल्कुल वैसा जीवन जीता है जैसा वह वास्तव में है (be-liver)।

यदि यह सच है, तो मसीही विश्वासी वह व्यक्ति होता है जो न केवल विश्वास का, बल्कि मसीह के कार्यों का भी आदर्श बने। मसीहियत ऐसा विश्वास है जो कार्य/क्रिया की मांग करता है। क्या आप एक मसीही जैसे कार्य कर रहे हैं?

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं जानता हूँ कि आप मुझसे प्रेम करते हैं और यह भी कि मेरे लिए आपका प्रेम कर्मों पर नहीं बल्कि अनुग्रह पर आधारित है। तथापि, मैं अपने प्रत्येक कार्य में आपको प्रसन्न करना चाहता हूँ। हे प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप बड़ी कोमलता के साथ यह देखने में मेरी अगुवाई करें कि मैं कहां कहां मसीही जैसे कार्य नहीं कर रहा हूँ और मेरी सहायता करें कि मैं अपने विचारों और कार्यों को समर्पित कर सकूँ और उन्हें आपकी इच्छा के अनुसार ढाल सकूँ।

*आज के लिए वचन*

2 पतरस 2:2 और बहुतेरे उन की नाई लुचपन करेंगे, जिन के कारण सत्य के मार्ग की निन्दा की जाएगी।

2 कुरिन्थियों 10:5 सो हम कल्पनाओं को, और हर एक ऊंची बात को, जो परमेश्वर की पहिचान के विरोध में उठती है, खंडन करते हैं; और हर एक भावना को कैद करके मसीह का आज्ञाकारी बना देते हैं।

कुलुस्सियों 3:17 और वचन से या काम से जो कुछ भी करो सब प्रभु यीशु के नाम से करो, और उसके द्वारा परमेश्वर पिता का धन्यवाद करो।।

### *दिन 18: केवल परमेश्वर ही पूरे हो चुके उत्पाद को माप सकता है*

अपने आप पर अधिक कठोर न बनें। यदि कुछ बुरा है तो अभी तक परमेश्वर ने अपना काम पूरा नहीं किया है। कल्पना करें कि किसी उत्पाद के निर्माण कार्य को अधूरा ही छोड़ दिया जाए, उत्पादन प्रक्रिया के मध्य में ही उसे अलग कर दिया जाए और उसे सम्पूर्ण हो चुके कार्य के मापदंडों के आधार पर मापा जाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि उसमें प्रकट असफलता दिखाई देगी। केवल सृष्टिकर्त्ता ही जानता है कि सृष्टि कब पूरी होती है।

केवल पमरेश्वर ही पूरे हो चुके उत्पाद का माप सकता है। चिन्ता न करें, आप में परमेश्वर ने अपना कार्य अभी पूरा नहीं किया है और वह आपको इतना प्रेम करता है कि वह आपको वहां छोड़कर नहीं जाएगा जहां आप अभी हैं। वह आप में अभी भी कार्य कर रहा है!

*आज के लिए प्रार्थना*

मुझे छू लें, हे परमेश्वर, कि मैं अपने जीवन की प्रक्रिया में परेशान न हो जाऊँ। मैं जानता हूँ कि आप मुझ में बहुत चतुराई और बुद्धिमानी से कार्य कर रहे हैं ताकि मैं आपकी प्रसन्नता के लिए इच्छा और कार्य कर



edit copy

सकूँ। मैं भरोसा रखता हूँ कि आप सब बातों को उनके उचित समय में सुन्दर बनाएंगे। मेरा जीवन आपके सामने है, हे प्रभु... अपनी इच्छा के अनुसार इसमें से कुछ बनाएं।

*आज के लिए वचन*
यशायाह 64:8 तौभी, हे यहोवा, तू हमारा पिता है; देख, हम तो मिट्टी है, और तू हमारा कुम्हार है; हम सब के सब तेरे हाथ के काम हैं।

यिर्मयाह 18:4 और जो मिट्टी का बर्तन वह बना रहा था वह बिगड़ गया, तब उस ने उसी का दूसरा बर्तन अपनी समझ के अनुसार बना दिया।

भजन 138:8 यहोवा मेरे लिये सब कुछ पूरा करेगा; हे यहोवा, तेरी करूणा सदा की है। तू अपने हाथों के कार्यों को त्याग न दे।।

फिलिप्पियों 1:6 और मुझे इस बात का भरोसा है, कि जिस ने तुम में अच्छा काम आरम्भ किया है, वही उसे यीशु मसीह के दिन तक पूरा करेगा।

## *दिन 19: हो सकता है, आज आप के पास उन महान लोगों को जानने का अवसर हो जिनसे आप पहले कभी नहीं मिले हैं*

प्रतिदिन हम सड़क पर, बाज़ार में, स्कूल में या काम पर कई लोगों से मिलते हैं... ऐसे लोग जिन्हें हम पहले कभी नहीं मिले हैं या उन्हें जानने का समय ही नहीं निकाला है। इनमें से कई लोगों में ऐसी क्षमता है कि वे आपके सबसे अच्छे मित्र बन सकते हैं। उनमें से प्रत्येक के पास एक कहानी, एक आशा, एक सपना, एक चिंता और एक जुनून है जिसे वे दूसरों के साथ बांटना चाहते हैं।

हो सकता है, आज आपके पास उन महान लोगों को जानने का अवसर है जिनसे आप पहले कभी नहीं मिले हैं। क्यों न आज एक नया मित्र बनाने में एक अवसर और कुछ समय निवेश किया जाए। साधारणतः लोगों को अपने बारे में बात करना अच्छा लगता है, और यदि आप ध्यान देंगे तो वे अपने जीवन के बारे में आपको बताएंगे। पहला कदम उठाएं, ध्यान दें, सुनें, और अर्थपूर्ण प्रतिउत्तर दें। आने वाले दिनों में आप खुश होंगें कि आप ने ऐसा किया था।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रभु, मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप मुझे ऐसे अच्छे और ईश्वरीय सम्बन्ध बनाने में सहायता करें जो जीवनभर बने रहें। आज मुझे प्रेरणा दें और मुझे सही लोगों के पास लेकर चलें। मुझे वे लोग दें जिन्हें मैं ईश्वरता के लिए प्रभावित कर पाऊँ और जो मुझे प्रभावित कर पाएं।

*आज के लिए वचन*
सभोपदेशक 4:9 एक से दो अच्छे हैं, क्योंकि उनके परिश्रम का अच्छा फल मिलता है।

नीतिवचन 17:17 मित्र सब समयों में प्रेम रखता है।

नीतिवचन 18:24 मित्रों के बढ़ाने से तो नाश होता है, परन्तु ऐसा मित्र होता है, जो भाई से भी अधिक मिला रहता है।

edit copy

### *दिन 20: हम या तो अपने महानतम दिनों में से आ रहे हैं, महानतम दिनों में हैं, या महानतम दिनों की ओर बढ़ रहे हैं ... और सत्य यह है कि यह हमारा चयन है*

हमारा अधिकतम जीवन दृष्टिकोण पर आधारित है। ऐसा प्रतीत होता है कि मनुष्य के जीवन का प्रथम आधा भाग सफलता ढूँढने में व्यतीत हो जाता है और दूसरा आधा भाग महत्त्वता का पीछा करने में। जबकि अधिकतर बार हममें सफलता के एक स्तर पर आने और पहचान प्राप्त करने की भूख रहती है, तौभी हम अपनी उपलब्धियों के बावजूद खाली रह जाते हैं।

मैं अपना सारा जीवन ऐसी सीढ़ी पर चढ़ने में नहीं बिताना चाहूँगा, जिसके ऊपरी सिरे पर चढ़कर मुझे यह पता चले कि वह तो गलत इमारत पर लगी हुई थी। परमेश्वर के पास एक योजना है और आप उसमें शामिल हैं। वह हम सभी के जीवन में कार्य कर रहा है ताकि हममें ऐसा महान निर्माण करे जिसका अनुभव हमने अभी तक नहीं किया है। भरोसा रखें कि महानतम दिन आने पर हैं। वास्तव में, जब इस धरती पर हम अपनी अंतिम सांस लेंगे, तब हम साहस के साथ कह पाएंगे कि हमारा महानतम दिन आपने पर है। यह हमारा चयन है!

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मेरा कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। मैं आपके जीवन में महान बनना चाहता हूँ और अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता हूँ। मुझे मेरी वर्तमान परिस्थितियों से आगे के स्वप्न और दर्शन दें। मुझे मेरे महानतम दिनों में ले चलें।

*आज के लिए वचन*

योएल 2:28 उन बातों के बाद मैं सब प्राणियों पर अपना आत्मा उण्डेलूंगा; तुम्हारे बेटे–बेटियां भविष्यद्वाणी करेंगी, और तुम्हारे पुरनिये स्वप्न देखेंगे, और तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे। तुम्हारे दास और दासियों पर भी मैं उन दिनों में अपना आत्मा उण्डेलूंगा।।

यिर्मयाह 29:11 क्योंकि यहोवा की यह वाणी है, कि जो कल्पनाएं मैं तुम्हारे विषय करता हूँ उन्हें मैं जानता हूँ, वे हानि की नहीं, वरन कुशल ही की हैं, और अन्त में तुम्हारी आशा पूरी करूंगा।

### *दिन 21: जबकि सौदा दूसरों के खर्च पर मेरे सामान की सुरक्षा करता है, वहीं वाचा मेरे खर्च पर दूसरे पक्ष के सामान की सुरक्षा करती है*

बहुत सारे लोग मन में सौदे की भावना लेकर रिश्ते निभाते हैं। बहुत सारे व्यावसायिक सम्बन्धों में सौदेबाजी को समझा जा सकता है। तथापि, व्यक्तिगत सम्बन्धों में सौदेबाजी का कोई स्थान नहीं है। उदाहरण के लिए विवाह को देखें, आज के समाज में विवाह से पूर्व सगाई करना एक आम बात हो गई है। सगाई एक सौदे के समान है जो दोनों पक्षों को एक दूसरे से सुरक्षित रखने के लिए तैयार की गई है। नियम, अधिकार और जिम्मेदारियां और गलती के लिए सजा बताई जाती है।

परमेश्वर ने अन्य सम्बन्धों के साथ साथ विवाह को भी तैयार किया है, जिन्हें वाचा के द्वारा निभाया और बरकरार रखा जाता है। वाचा 50/50 प्रतिशत वाला सम्बन्ध नहीं है... यह 100–100 प्रतिशत वाला सम्बन्ध है। प्रत्येक व्यक्ति अपना 100 प्रतिशत भाग अदा करने के लिए जिम्मेदार है, इस बात की परवाह किए बिना कि वाचा का दूसरा सहभागी अपना कार्य पूरा कर रहा है या नहीं। वाचा वह होती है जो परमेश्वर ने



edit copy

अब्राहाम के सामने रखी और जो आज यीशु हमारे सामने रखता है। अपने वाचा के सम्बन्ध का आदर करें... क्योंकि परमेश्वर इसका आदर करता है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे पिता, मैं ऐसे आत्मिक सम्बन्ध बनाने में, जो अनन्तता तक चलें, आपके साथ वाचा का सहभागी बनना चाहता हूँ। मुझे वाचा के बारे में सिखाएं और सही लोगों को मेरे जीवन में लाएं। मुझ पर अनुग्रह करें कि मैं उनके द्वारा मिलने वाले लाभों से बढ़कर अपने सम्बन्ध को महत्त्व दूँ।

*आज के लिए वचन*

फिलिप्पियों 2:4 हर एक अपनी ही हित की नहीं, बरन दूसरों की हित की भी चिन्ता करे।

1 शमूएल 18:1 जब वह शाऊल से बातें कर चुका, तब योनातान का मन दाऊद पर ऐसा लग गया, कि योनातान उसे अपने प्राण के बराबर प्यार करने लगा।

## *दिन 22: कभी कभी परमेश्वर मांग करता है कि किसी परिस्थिति के ऊपर विजयी होने से पहले हम उसी परिस्थिति में विजयी हों*

प्रभु यीशु ने अपने शिष्यों से कहा कि जब तक वे इस संसार में हैं उन्हें क्लेश का सामना करना पड़ेगा, परन्तु ढाढ़स बान्धो क्योंकि उन्होंने संसार को जीत लिया है। क्लेश, परीक्षा, संकट और प्रलोभनों पर विजयी होने की प्रक्रिया में दो कदम हैं। पहला, उस परिस्थिति के दबाव से छुटकारा पाने से पहले भी हम अपनी उस घड़ी में विजय का अनुभव कर सकते हैं। यह विजय हमारी परिस्थितियों के बदलने पर नहीं है, बल्कि उन परिस्थितियों में हमारे बदल जाने पर निर्भर है। यह विजय हमारे विश्वास को मजबूत करती है। उस परिस्थिति में मिलने वाली विजय और कुछ नहीं बल्कि उस परिस्थिति के ऊपर विजयी होने और परिस्थितियों का हमारे पक्ष में बदलने का संकेत है।

कभी कभी परमेश्वर मांग करता है कि किसी परिस्थिति के ऊपर विजयी होने से पहले हम उसी परिस्थिति में विजयी हों। अपने मन में इस बात को पूरी तरह से बैठा लें कि परमेश्वर आपकी ओर है। यदि परमेश्वर आपकी ओर है तो आपका विरोधी कौन हो सकता है?

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं जानता हूँ कि आप मुझे न तो कभी छोड़ेंगे और न ही कभी त्यागेंगे। मेरा जीवन, मेरा आनन्द, मेरा भविष्य और मेरी सफलता ज़िंदगी की परिस्थितियों पर निर्भर नहीं हैं। मैं विश्वास करता हूँ कि आप के साथ सब कुछ सम्भव है। मुझे अनुग्रह दें कि परिस्थितियों को बदलते हुए देखने से पहले मैं अपने आप में आपके सम्पूर्ण हो चुके कार्य को देख सकूँ।

*आज के लिए वचन*

यूहन्ना 16:33 मैं ने ये बातें तुम से इसलिये कही हैं, कि तुम्हें मुझ में शान्ति मिले; संसार में तुम्हें क्लेश होता है, परन्तु ढाढ़स बांधो, मैं ने संसार को जीत लिया है।।

भजन 34:19 धर्मी पर बहुत सी विपत्तियां पड़ती तो हैं, परन्त यहोवा उसको उन सब से मुक्त करता है।

रोमियों 8:31ब यदि परमेश्वर हमारी ओर है, तो हमारा विरोधी कौन हो सकता है?

edit copy

## *दिन 23: दर्शन देखने वाले लोग भविष्य में जीते हैं*

ज़िंदगी के कारण अपने दर्शन को सीमित न होने दें। भजन 78:41 में दाऊद कहता है कि इस्राएलियों के बारे में कहता है कि उन्होंने परमेश्वर को और उनकी सहायता करने की परमेश्वर की क्षमता को सीमित कर दिया था। वे बार बार परमेश्वर की परीक्षा करते थे, और इस्राएल के पवित्र को खेदित करते थे। मनुष्य परमेश्वर को कैसे सीमित कर सकता है? अपने दर्शन को परमेश्वर की नज़र तक देखने की बजाय अपनी नज़र तक सीमित करने के द्वारा।

हमें परमेश्वर की वास्तविकता को अपनी वास्तविकता मानकर स्वीकार कर लेना चाहिए। यह अक्सर तब होता है जब हम ज़िंदगी की वर्तमान परिस्थितियों और सीमाओं को हावी होने देने के स्थान पर परमेश्वर के दर्शन को स्वीकार कर लेते हैं। परमेश्वर से कहें कि वह आपकी वर्तमान परिस्थिति से परे आपके लिए अपने दर्शन के द्वारा आपको प्रेरणा दे और आप परमेश्वर पर लगाई हुई सीमाओं को हटा दें।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे परमेश्वर, मैं आपसे मांगता हूँ कि आप मेरे भविष्य के लिए आपके दर्शन के द्वारा मुझे प्रेरणा दें। मुझे मेरा जीवन वैसे दिखाएं जैसे आप इसे देखते हैं और अपने स्वप्न मेरे द्वारा प्रकट करें। मैं सभी सीमाओं को हटाने का चयन करता हूँ और आपको अपना मार्गदर्शक मानता हूँ।

*आज के लिए वचन*

अय्यूब 33:14–15 क्योंकि ईश्वर तो एक क्या वरन दो बार बोलता है, परन्तु लोग उस पर चित्त नहीं लगाते। स्वप्न में, वा रात को दिए हुए दर्शन में, जब मनुष्य घोर निद्रा में पड़े रहते हैं, वा बिछौने पर सोते समय,

हबक्कूक 2:2 यहोवा ने मुझ से कहा, दर्शन की बातें लिख दे; वरन पटियाओं पर साफ साफ लिख दे कि दौड़ते हुए भी वे सहज से पढ़ी जाएं।

## *दिन 24: तेरा राज्य आए*

परमेश्वर का राज्य देखने से नहीं आता, यह भौतिक स्थान नहीं है, बल्कि यह आपके भीतर है। परमेश्वर का यह राज्य धार्मिकता, शांति और आनन्द उत्पन्न करता है और वहां उपस्थित होता है जहां यीशु को प्रभु माना जाता है। यह हमारा कर्त्तव्य है कि हम अपने जीवन को परमेश्वर के सर्वोच्च शासन की अधीनता में ले आएं क्योंकि जहां परमेश्वर शासन करता है, वहां उसका राज्य स्थापित होता है।

पवित्रशास्त्र हमें बताता है कि हम इस बात की आवश्यकता से अधिक चिंता न करें कि हम क्या खाएंगे, क्या पीएंगे या क्या पहनेंगे। बल्कि हमें सर्वप्रथम परमेश्वर के राज्य और उसके साथ सही सम्बन्ध की खोज करनी है और तब हमें जिन वस्तुओं की आवश्यकता है वे सब उसके प्रयोजन के द्वारा हमारे जीवन में जोड़ दी जाएंगी। जब आप प्रार्थना करते हैं तो प्रभु यीशु के उदाहरण का अनुसरण करें और कहें, “तेरा राज्य आए और तेरी इच्छा पूरी हो।”

*आज के लिए प्रार्थना और वचन*

मत्ती 6:9–13 सो तुम इस रीति से प्रार्थना किया करो; हे हमारे पिता, तू जो स्वर्ग में हैं; तेरा नाम पवित्र माना जाए। तेरा राज्य आए; तेरी इच्छा जैसी स्वर्ग में पूरी होती है, वैसे पृथ्वी पर भी हो। हमारी दिन भर की रोटी

edit copy

आज हमें दे। और जिस प्रकार हम ने अपने अपराधियों को क्षमा किया है, वैसे ही तू भी हमारे अपराधों को क्षमा कर। और हमें परीक्षा में न ला, परन्तु बुराई से बचा; क्योंकि राज्य और पराक्रम और महिमा सदा तेरे ही है। आमीन।

## *दिन 25ः छोटे प्रारम्भों को तुच्छ न जानें*

परमेश्वर ने यह सिद्धांत ठहराया है कि प्रत्येक बीज में अपने आप को पुनरुत्पादित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बीज का प्रबन्ध करने की सामर्थ होती है। यदि अवसर दिया जाए, उपजाऊ भूमि में बोया जाए, सही मौसम में, उचित रूप में पानी और खाद दी जाए, तो इस बीज में अपने सर्वोत्तम परिणाम लाने और अपने पहले स्वरूप से कहीं बढ़कर बहुगुणित हो जाने की क्षमता होती है।

अपने आप में भी ऐसा ही होने दें। आपकी बुलाहट, भविष्य और प्रभाव में आप की जानकारी से बढ़कर बहुत कुछ है। इसके लिए परमेश्वर की सराहना करें। परमेश्वर के पास एक योजना है और उसने आपको एक महान भविष्य के लिए अपने बीज के रूप में चुना है।

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय परमेश्वर, मैं आपके समान आरम्भ से लेकर अंत तक सबकुछ नहीं देख सकता हूँ। तथापि, मुझे अपना मार्ग दिखाएं और मुझे अनुग्रह दें कि मैं अपने जीवन को इस पीढ़ी के कार्य के लिए बीज के रूप में बो सकूँ ताकि आने वाली पीढ़ी में फसल काटी जा सके। मैं छोटे प्रारम्भों के दिनों को तुच्छ नहीं जानूंगा।

*आज के लिए वचन*

लूका 13:18–19 फिर उस ने कहा, परमेश्वर का राज्य किस के समान है? और मैं उस की उपमा किस से दूं? वह राई के एक दाने के समान है, जिसे किसी मनुष्य ने लेकर अपनी बारी में बोयाः और वह बढ़कर पेड़ हो गया; और आकाश के पक्षियों ने उस की डालियों पर बसेरा किया।

यशायाह 46:10 मै तो अन्त की बात आदि से और प्राचीनकाल से उस बात को बताता आया हूं जो अब तक नहीं हुई। मैं कहता हूं, मेरी युक्ति स्थिर रहेगी और मैं अपनी इच्छा को पूरी करूंगा।

## *दिन 26ः आप अपने जीवन के लिए परमेश्वर की इच्छा से बढ़कर अच्छा और कुछ भी नहीं कर सकते*

जबकि अनेक लोग जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं, चाहे यह शैक्षणिक हो, आर्थिक हो, सामजिक हो, या अपने लिए निर्धारित किया गया कोई लक्ष्य ही क्यों न हो, परमेश्वर ने अपनी प्रत्येक संतान में महानता और उत्तमता डाली हुई है। जो बात एक व्यक्ति के लिए कार्य करती है, हो सकता है वह किसी दूसरे के लिए कार्य न करती हो, और "रातों–रात अमीर बनने" की योजनाएं ऐसे काम करने वालों को उजाड़ देती हैं। इन सब बातों के कहने का भाव यह है कि सम्पूर्ण सफलता और पूर्ण भरपूरी का एकमात्र मार्ग अपने जीवन में परमेश्वर की इच्छा और उद्देश्य को जानना और उन्हें पूरा करना है।

अपनी मनमर्जी करने और अपने तरीके से काम करने के द्वारा सफलता का पीछा करना छोड़ दें। आप परमेश्वर से अधिक बुद्धिमान और परमेश्वर की इच्छा में रहने से बढ़कर कहीं और खुश नहीं हो सकते।

*आज के लिए प्रार्थना*

edit copy

हे परमेश्वर पिता मुझे अपना मार्ग दिखा और मेरे जीवन में अपना रास्ता प्रकट कर। मैं अपने जीवन को केवल मानवीय ज्ञान या गणन का परिणाम नहीं बनाना चाहता बल्कि एक ऐसी कथा बनाना चाहता हूँ जिसे केवल आप ही लिख सकते हैं और मैं उसका पालन कर सकता हूँ।

*आज के लिए वचन*
नीतिवचन 3:5–7 तू अपनी समझ का सहारा न लेना, वरन सम्पूर्ण मन से यहोवा पर भरोसा रखना। उसी को स्मरण करके सब काम करना, तब वे तेरे लिये सीधा मार्ग निकालेगा। अपनी दृष्टि में बुद्धिमान न होना; यहोवा का भय मानना, और बुराई से अलग रहना।

याकूब 4:13–15 तुम जो यह कहते हो, कि आज या कल हम किसी और नगर में जाकर वहां एक वर्ष बिताएंगे, और व्यापार करके लाभ उठाएंगे। और यह नहीं जानते कि कल क्या होगाः सुन तो लो, तुम्हारा जीवन है ही क्या? तुम तो मानो भाप समान हो, जो थोड़ी देर दिखाई देती है, फिर लोप हो जाती है। इस के विपरीत तुम्हें यह कहना चाहिए, कि यदि प्रभु चाहे तो हम जीवित रहेंगे, और यह या वह काम भी करेंगे।

## *दिन 27: वृद्धि और विस्तार उस समय रूक जाएगा जिस समय सेवा चलाने वाले लोग अपने आप को पुनरुत्पादित नहीं कर पाएंगे अथवा नहीं करेंगे*

प्रेरितों के काम की पुस्तक में कलीसिया के प्रारम्भ के बारे में लिखा गया है। इसका जन्म पवित्र आत्मा की सामर्थ के द्वारा हुआ। कलीसिया के जन्म की जिम्मेदारी परमेश्वर ने अपने कन्धों पर उठाई जबकि कलीसिया की वृद्धि और विस्तार की जिम्मेदारी प्राथमिक रूप से उन लोगों की थी जिन्हें परमेश्वर ने बुलाया, तैयार किया और भेजा था।

हमें इस बात के प्रति जागृत रहना चाहिए कि कलीसिया का विस्तार इस सिद्धांत पर आधारित है कि हम प्रतिदिन परमेश्वर की सामर्थ के द्वारा रूपांतरित होते जाएं और इस रूपांतरण को अपनी गवाही और कार्य के द्वारा दूसरों में स्थानांतरित करते जाएं। सेवकाई आपकी अपनी है।

*आज के लिए प्रार्थना*
हे प्रभु यीशु, आज मैं आपके पवित्र आत्मा की सामर्थ में चलूंगा। मैं अपने हाथों के कार्य और अपने जीवन की योजनाएं आपके आलौकिक उद्देश्यों के लिए समर्पित करता हूँ। मेरे जीवन के जिन जिन क्षेत्रों में मेरा ज्ञान और दृष्टिकोण सीमित है वहां मैं आपको हस्तक्षेप करने के लिए बुलाता हूँ। आपने जो कुछ मुझमें उत्पादित किया है उसे दूसरों में पुनरुत्पादित करने में मेरी सहायता करें।

*आज के लिए वचन*
प्रेरित 1:8 परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे।

1 पतरस 4:10 जिस को जो वरदान मिला है, वह उसे परमेश्वर के नाना प्रकार के अनुग्रह के भले भंडारियों की नाईं एक दूसरे की सेवा में लगाए।

मत्ती 28:19–20 इसलिये तुम जाकर सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ और उन्हें पिता और पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो। और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें आज्ञा दी है, मानना सिखाओः और

edit copy

देखो, मैं जगत के अन्त तक सदैव तुम्हारे संग हूं। आमीन!

## *दिन 28: सफलता केवल एक कदम की प्रक्रिया से कहीं बढ़कर है*

जब परमेश्वर अपने सिद्ध संसार की रचना करना चाहता था, तो उसका पहला कदम तब आरम्भ हुआ जब उसने कहा, “उजियाला हो”। अगले सात दिनों में वह तब तक कदम के बाद कदम उठाता रहा जब तक कि उसने अपने इच्छित परिणाम प्राप्त नहीं कर लिए। हमारे जीवनभर हमें भी सफलता के लिए आवश्यक कदम तैयार करने और उठाने के द्वारा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की चुनौती मिलती रहती है। चाहे घर बनाना हो, यात्रा पर जाना हो या परिवार का पालन–पोषण करना हो, सफलता कदम कर कदम प्रयास करने से ही मिलती है।

सफलता केवल एक कदम की प्रक्रिया से कहीं बढ़कर है और सफलता उन्हीं को मिलती है जो इस प्रक्रिया को स्वीकार करने और सहने के लिए इच्छुक और तैयार हैं। आपकी सफलता के लिए के लिए आपके जीवन में किन किन कदमों को उठाए जाने की आवश्यकता है?

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रभु, मेरी सहायता करें कि मैं अपने जीवन की प्रक्रिया में निरुत्साहित न हो जाऊँ। मुझे अपना मार्ग दिखाएं और आपकी दृष्टि में सफल होने के लिए मुझे ऐसे कदम दें जिन्हें मैं आसानी से उठा सकूँ। मुझे संयमी बनने में सहायता करें और जीवन की यात्रा को सहने का अनुग्रह दें।

*आज के लिए वचन*

भजन 37:23–24 मनुष्य की गति यहोवा की ओर से दृढ़ होती है, और उसके चलन से वह प्रसन्न रहता है; चाहे वह गिरे तौभी पड़ा न रह जाएगा, क्योंकि यहोवा उसका हाथ थांभे रहता है।।

भजन 37:31 उसके परमेश्वर की व्यवस्था उसके हृदय में बनी रहती है, उसके पैर नहीं फिसलते।।

2 शमूएल 22:37 तू मेरे पै़रों के लिये स्थान चौड़ा करता है, और मेरे पैर नहीं फिसले।

## *दिन 29: परमेश्वर अलग अलग लोगों के द्वारा कार्य करता है*

प्रेरित 9 अध्याय में, तरसुस वासी शाऊल मसीहियों को सताने के लिए दमिश्क जा रहा था। एक उज्जवल ज्योति उस पर चमकी जिससे वह अन्धा हो गया और स्वर्ग से उसने एक वाणी सुनी। यह वाणी प्रभु यीशु की थी और उसने शाऊल से कहा कि वह नगर में जाए और किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा उसे बताया जाएगा कि उसे आगे क्या करना है, इस व्यक्ति का नाम हनन्याह था। प्रेरित 10 अध्याय में, कुरनेलियुस नामक एक व्यक्ति के पास स्वर्गदूत प्रकट हुआ और उसे कहा कि पतरस नाम के एक व्यक्ति को बलाए, जो उसे बताएगा कि उद्धार पाने के लिए उसे क्या करना होगा।

इन मामलों और अन्यों में भी, स्वर्गीय वाणी ने लोगों को मसीह का मार्ग नहीं सिखाया, परन्तु गवाही देने और शिष्यता का यह सौभाग्य बल्कि कहा जाए तो जिम्मेदारी अन्य लोगों को सौंपी गई थी। समझें, कि परमेश्वर अलग अलग लोगों के द्वारा कार्य करता है। होने दें कि आज परमेश्वर आपके द्वारा किसी तक पहुंचे।

edit copy

*आज के लिए प्रार्थना*

हे प्रिय प्रभु, दूसरों को आपके बारे में बताने का सौभाग्य मुझे देने के लिए आपका धन्यवाद। मैं प्रार्थना करता हूँ कि आज मेरे सामने कोई एक व्यक्ति लेकर आएं जिसे मैं आपके बारे में बता सकूँ। मुझे शब्द, स्वैच्छा और गवाह बनने का आत्मविश्वास दें।

*आज के लिए वचन*

प्रेरित 9:6, 17 परन्तु अब उठकर नगर में जा, और जो कुछ करना है, वह तुझ से कहा जाएगा। तब हनन्याह उठकर उस घर में गया, और उस पर अपना हाथ रखकर कहा, हे भाई शाऊल, प्रभु, अर्थात् यीशु, जो उस रास्ते में, जिस से तू आया तुझे दिखाई दिया था, उसी ने मुझे भेजा है, कि तू फिर दृष्टि पाए और पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो जाए।

प्रेरित 10:5–7 और अब याफा में मनुष्य भेजकर शमौन को, जो पतरस कहलाता है, बुलवा ले। वह शमौन चमड़े के धन्धा करनेवाले के यहां पाहुन है, जिस का घर समुद्र के किनारे हैं। जब वह स्वर्गदूत जिस ने उस से बातें की थीं चला गया...

edit copy